# KN-290

## BCA (Part-III) Examination, 2022

## FOUNDATION COURSE

## ( Hindi Bhasha )

### [ Paper : First ]

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks :75*

*Minimum Passing Marks : 25*

**निर्देश:** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

**UNIT-I / इकाई–I**

1. (क) 'भारत माता' कविता में कवि ने किसे प्रवासिनी कहा है और क्यों, समझाइए। [08]

अथवा

'भारत माता' कविता में कवि ने भारत माता के स्वरूप का किस प्रकार चित्रण किया है? लिखिए।

(ख) मूल्यांकनपरक शैली किसे कहते हैं? उसके उदाहरण सहित समझाइए। [07]

**अथवा**

व्याख्यात्मक शैली का आशय स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

2. (क) सूखी डाली कहानी का सारांश लिखिए। [08]

**अथवा**

सूखी डाली कहानी के माध्यम से लेखक परिवार और समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? रेखांकित कीजिए।

(ख) काल-बोधक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? इस प्रकार के पाँच वाक्य लिखिए। [07]

**अथवा**

विनम्रता सूचक संरचना को परिभाषित करते हुए, कोई पाँच संरचनाएँ लिखिए।

3. (क) कहानी तत्वों के आधार पर 'वसीयत' कहानी की समीक्षा कीजिए। [08]

**अथवा**

'वसीयत' कहानी के पात्र 'हरीश' का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) परिपत्र का आशय स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताएँ लिखिए। [07]

**अथवा**

अनुस्मारक की परिभाषा लिखते हुए इसकी विशेषताएँ लिखिए।

4. (क) 'योग की शक्ति' पाठ का मूल्यांकन अपने शब्दों में कीजिए। [08]

**अथवा**

योग की शक्ति के बारे में कवि हरिवंशराय बच्चन के विचारों को अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) अनुवाद को परिभाषित करते हुए, लक्ष्य भाषा एवं स्त्रोत भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए। [07]

**अथवा**

अनुवाद क्या है? एक अच्छे अनुवाद के गुण लिखिए।

5. (क) योगेश अटल के निबंध 'संस्कृति और राष्ट्रीय एकीकरण के आधार पर भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ लिखिए। [08]

**अथवा**

'संस्कृति और राष्ट्रीय एकीकरण' निबंध का सारांश लिखिए।

(ख) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का एक काल्पनिक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। [07]

**अथवा**

निमंत्रण पत्र के प्रकारों का उल्लेख करते हुए किसी एक निमंत्रण पत्र का प्रारूप दीजिए।

------x-------